भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1160
दिनांक 13.02.2019/24 माघ,1940 (शक) को उत्तर के लिए

एनडीएमसी विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों का वेतन

† 1160. श्री रामनाथ ठाकुरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का वेतन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव लंबित है;
(ख) क्या दिल्ली में उक्त नगरपालिका परिषद के अलावा अन्य विद्यालयों के अतिथि शिक्षकों का वेतन बढ़ाया गया है;
(ग) एनडीएमसी के विद्यालयों के अतिथि शिक्षकों का वेतन कब तक बढ़ाया जाएगा; और
(घ) अतिथि शिक्षकों का वेतन बढ़ाने के अलावा अवकाश इत्यादि जैसी अन्य सुविधाएं कब तक स्वीकृत की जाएंगी?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज गंगाराम अहीर)

(क): नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने सूचित किया है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के विद्यालयों में कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों का वेतन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ख): शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि अतिथि शिक्षकों का वेतन पिछली बार दिनांक 11.10.2018 को बढ़ाया गया था।

(ग): एनडीएमसी के विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का वेतन दिनांक 08.02.2019 से बढ़ाया गया है।

(घ): अतिथि शिक्षकों को अवकाश आदि जैसी अन्य सुविधाओं के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव एनडीएमसी में विचाराधीन नहीं है।

******